# चेहरे चेहरे में नज़र आये चेहरा तेरा भजन लिरिक्स

चेहरे चेहरे में नज़र आये,
चेहरा तेरा।

दोहा – एक दस्तक हुई दिल पर,
तेरे दीदार से,
हो गए हम तेरे,
देखा जो तूने प्यार से।

---

चेहरे चेहरे में नज़र आये,
चेहरा तेरा,
बंध गया तुमसे श्याम बंधन,
ये गहरा मेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।bd।

तर्ज – चाँद तारों में नज़र आए।

---

पहले खुद को लताएं वन की,
हम बनाएंगे,
आके खाटू में तेरे चरणों से,
लिपट जायेंगे,
हम पे पड़ जाए जो तेज नैनो का,
सुनहरा तेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।bd।

---

तुझसे लागि लगन हमारी,
अब ना छूटेगी,
प्रेम की डोर तेरी मेरी,
ना श्याम टूटेगी,
क्योंकि दिल पे हमारे रहता है,
पहरा तेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पास में अपने रखी मैंने,
निशानी तेरी,
तब से होने लगी अमर हर,
कहानी मेरी,
सजाया चुन चुन के फूलों से,
ये सेहरा तेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।bd।

---

आज तक़दीर को हम अपनी,
आज़मायेंगे,
पाके 'धीरज' दीवाना दिल को,
हम बनाएंगे,
'अंजलि' के लबों पे नाम है,
ठहरा तेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।bd।

---

चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा,
बंध गया तुमसे श्याम बंधन,
ये गहरा मेरा,
चेहरे चेहरे में नज़र आए,
चेहरा तेरा।bd।

**Singer – Anjali Ji Dwivedi**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com